Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

केरल के मंदिर में आने से पहले पुरूषों द्वारा अपनी शर्ट उतारने की प्रथा

➢ चर्चा में क्यों?

हाल ही में केरल के प्रसिद्ध "शिवगिरी मठ" के प्रमुख ने केरल के मंदिर में आने से पहले पुरूषों द्वारा अपनी शर्ट उतारने की प्रथा को समाप्त करने की मांग की है।

- ***पिछले वर्ष 31 दिसंबर को वार्षिक शिवगिरी तीर्थयात्रा के उद्घाटन के दौरान समाज सुधारक श्री नारायण गुरू द्वारा स्थापित शिवगिरी मठ के अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद ने कहा था कि पुरूषों द्वारा मंदिर में प्रवेश करने से पहले अपनी शर्ट उतारने (उपरी वस्त्र) की प्रथा यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि पुनूल (ब्राहमणों द्वारा पहने जाने वाला पवित्र धागा) देखा जा सके।
- केरल के "श्री नारायण मंदिरों" में पुरुषों द्वारा अपनी शर्ट उतारने की प्रथा नहीं है।

- केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने स्वामी सच्चिदानंद के इस अह्वान का समर्थन करते हुए कहा कि समय के साथ कई प्रथाएँ बदल गई हैं, हालांकि इसे बाध्य करने की आवश्यकता नहीं है।
- हालांकि स्वामी सच्चिदानंद द्वारा दिए गए इस बयान की केरल बीजेपी सहित नायर सर्विस सोसाइटी ने निंदा की है।
- केरल के मंदिरों का प्रबंधन करने वाले पाँच आधिकारिक निकायों में से दो निकाय, त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड और गुरुवयूर देवस्वोम बोर्ड ने स्वामी सच्चिदानंद द्वारा दिए गए इस बयान पर विचार-विमर्श करने की बात कही है।

➢ केरल के मंदिरों में ड्रेस कोड

- केरल के सभी मंदिरों के गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले पुरुषों को अपनी अपनी शर्ट उतारने के लिए नहीं कहा जाता है।

- ***"हालांकि, इस प्रथा को कुछ प्रमुख मंदिरों जैसे तिरुवनंतपुरम के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर, त्रिशूर के गुरुवयूर श्री कृष्ण मंदिर और कोट्टायम के एट्टुमानुर महादेव मंदिर में सख्ती से लागू किया जाता है।
- तिरुवनंतपुरम के पद्मनाभस्वामी मंदिर में महिलाओं को साड़ी या स्कर्ट पहनने या अपने शरीर के निचले हिस्से को धोती से लपेटकर प्रवेश करने की अनुमति है।
- सबरीमाला मंदिर में केवल पुरूषों भार 10 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति है।
- सबरीमाला मंदिर में प्रवेश के लिए महिलाओं को काली साड़ी पहनने और पुरुषों को काली शर्ट तथा मुंडु (धोती) पहनने के साथ-साथ इरूमुदिकेट्टू (एक पवित्र पोटली जिसमें भगवान अयप्पा का प्रसाद होता है) के साथ प्रवेश करने की अनुमति है।

➢ ड्रेस कोड को चुनौती

- ***केरल सरकार के द्वारा 1970 के दशक में मंदिरों के ड्रेस कोड को समाप्त करने का प्रयास किया था, लेकिन इसका प्रभाव सीमित होने के कारण पुनः कोई प्रयास नहीं किया गया।
- 2014 में केरल उच्च न्यायालय की द्वि-पक्षीय पीठ ने केरल के मंदिरों के गर्भगृह के अंदर कपड़ों पर प्रतिबंध हटाने की याचिका खारिज कर दी।
- यह याचिका मूरकोथ प्रकाश नामक व्यक्ति द्वारा केरल उच्च न्यायालय में दाखिल की गई थी।

- केरल उच्च न्यायालय ने " मूरकोथ प्रकाश बनाम केरल राज्य" मामले में तांत्रिक साहित्य की एक शाखा "आगम के सिद्धांतों" के आधार पर, इसी मामले में "श्री वेंकटरमण देवास और अन्य बनाम मैसूर राज्य" (1957) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।
- ***सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगमों के सिद्धांत को मंदिरों के निर्माण, उनमें मूर्तियों की स्थापना और देवता की पूजा के आचरण से संबंधित औपचारिक कानून को संबंधित करने वाले ग्रंथ के रूप में वर्णित किया है।

➢ शर्ट उतारने की प्रथा की उत्पत्ति

- मंदिरों के गर्भगृह के अंदर पुरुषों को प्रवेश करने से पहले शर्ट उतारने की प्रथा का कोई शास्त्रीय आधार नहीं है।
- मंदिरों में प्रवेश से पहले पुरुषों द्वारा शर्ट उतारने की प्रथा का कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं है, क्योंकि प्राचीन काल में "शर्ट" जैसा परिधान अस्तित्व में नहीं था।
- हालांकि, 10वीं और 19वीं शताब्दी के बीच लिखे गए केरल के धर्मग्रंथों में "एझावा" और आदिवासी हाशिए के समुदायों के लोगों को मंदिरों में प्रवेश पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाने का विवरण मिलता है।
- केरल के " एझावा" जैसे समुदाय, जिन्हें वर्तमान में केरल में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के रूप में मान्यता प्राप्त है, को ऐतिहासिक रूप से तात्कालीन त्रावणकोर सम्राज्य वर्तमान केरल के निर्माण करने वाली तीन प्रमुख रियासतों में से सबसे दक्षिणी राज्य था।

- मध्ययुग तक पद्मनाभस्वामी मंदिर में प्रवेश करते समय शुद्रों को अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को ढकने की अनुमति नहीं थी।
- **नोट:** केरल के मंदिरों का प्रबंधन करने वाले पाँच आधिकारिक निकाय हैं, जिन्हें "देवस्वाम" के नाम से जाना जाता है, जो सामूहिक रूप से केरल के लगभग 3000 मंदिरों का प्रबंधन करते हैं।
- ये पाँच देवस्वाम हैं:
  1. गुरुवायुर देवस्वाम
  2. त्रावणकोर देवस्वाम
  3. मालाबार देवस्वाम
  4. कांचिन देवस्वाम
  5. कुडलमाणिक्यम देवस्वाम

Result Mitra

हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.

Result Mitra

1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.

2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹

3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹

4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹

5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹

कोर्स या Test Series के लिए

WhatssApp कीजिये

9235313184, 9235446806